Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# बदलहाल सड़क का सुधारीकरण व चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ

**खबर का असर**

## विधायक चंद्रा पंत ने पेज थ्री समाचार पत्र का जताया आभार

दस हजार से अधिक की आबादी को मिलेगा फायदा

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। एक बार फिर पेज थ्री पर प्रकाशित खबर का असर हुआ है। बता दें कि पेज थ्री द्वारा बीते अगस्त माह की बीस तरीख के अंक में बदहाल स्थिति में पहुंच चुकी सड़क जीआइसी सुकौली के बारे में प्रमुखता से खबर को प्रकाशित किया था। मामले पर विधायक चंद्रा पंत ने संज्ञान लेते हुए पेज थ्री समाचार पत्र का आभार जताया है।

जानकारी के मुताबिक बीते शनिवार से जीआईसी सुकौली सड़क मार्ग की दशा को सुधारे जाने के लिए कार्य होना प्रारम्भ हो गया है। इस सड़क के सुधारीकरण व चौड़ीकरण के कार्य के प्रारम्भ होने से दस हजार से अधिक की आबादी को फायदा मिलेगा।

बता दें कि बीते गुरूवार को जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका



बोहरा व क्षेत्रीय विधायक चंद्रा पंत ने संयुक्त तौर पर भूमि पुजन कर सड़क निर्माण के कार्य को शुरू कराया।

इस सड़क के लिए विगत लंबे समय से क्षेत्र की जनता द्वारा जीआईसी सुकौली सडक सुधारीकरण व चौड़ीकरण की मांग की जा रही थी।

यह सडक लंबे समय से बदहाल पड़ी हुई थी। इस सड़क के सुधारीकरण होने से सरस्वती बिहार कालौनी ,हुडैती ,टकाडी , सुकौली , पौण ,बडौली व पपदेव आदि गांव के ग्रमीण खेत्रों की आबादी को खासा लाभ मिलेगा।

वही विधायक चंद्रा पंत ने पेज थ्री पर इस खबर को प्रकाशित करने पर हार्दिक आभार जताया है। उन्होने कहा कि क्षेत्र की जनमानस की आवाज को शासन प्रशासन तक पहुचाने के लिए पेज थ्री समाचार पत्र आगे भी प्रमुखता से ऐसे ही भूमिका निभाते रहे।

## न्यूज डायरी

### स्मैक के साथ नशे का सौदागर गिरफ्तार

**संवाददाता** हरिद्वार। कनखल पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक नशे के सौदागर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने भारी मात्र में स्मैक और इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया है। पूछताछ के दौरान अरोपी ने स्मैक बेचने का धंधा कबूल किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। कनखल थाना प्रभारी निरीक्षक शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि जगजीतपुर पुलिस चौकी प्रभारी राजेंद्र सिंह रावत ने मुखबिर से सूचना मिली की क्षेत्र में एक नशे का कारोबारी स्मैक बचने का धंधा कर हा है। सूचना पर पुलिस ने स्कूटी सवार आरोपी को शक्ति मार्बल्स वाली गली नीलकंठ नेत्रलय के पास से दबोचा है। जिसके पास से पुलिस ने 6—30 ग्राम से ज्यादा स्मैक स्कूटी की डिग्गी में इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया है।

### हर वर्ष की भांति कालरात्रि में रंगारंग कार्यक्रम नही किया गया

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस कोविड—19 के संक्रमण के चलते हर वर्ष की भांति कालरात्रि में रंगारंग कार्यक्रम नही किया गया। गोरख संघ कार्यकारिणी और पंडित अर्जुन पौडेल के दिशा निर्देश में सादगी से पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर माँ दुर्गा से पूरे विश्व और पूरे भारत देश को जल्द कोरोना महामारी से निजात पाने और देश को शुभमंगलमय कामना की गोरखसंघ अध्यक्ष मोहन सिंह थापा ने कहा है कि 80 वर्ष पूरे हो चुके सदस्यों पूर्व अध्यक्ष केशर सिंह थापा, गोरे थापा, पार्वती गुरुंग को शॉल और पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया और पूर्व अध्यक्ष भीम बहादुर थापा उनके सफल कार्यकाल के लिए खुखरी भेंट कर सम्मानित किया गया।

### कन्या पूजन का कार्यक्रम रख श्रद्धा के साथ दुर्गा नवमी मनाई गई

**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी के कैंट विधानसभा स्थित कार्यालय पर दुर्गा नवमी के अवसर पर कन्या पूजन का कार्यक्रम रख श्रद्धा के साथ दुर्गा नवमी मनाई गई। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रविन्द्र सिंह आनन्द ने सभी को दुर्गा नवमी की बधाई देते हुए कहा कि नौ दिन हम माता रानी के नौ रूपों की पूजा करते है। माता के ये नौ रूप नारी के ही नौ रूप है। यह संदेश नवरात्र का त्यौहार हमें देता है। बात ही आज नारी के प्रति नजरिया बदलने की आवश्यकता है और इसके प्रति गंभीर होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से माता रानी ने नौ रूपों के माध्यम से हमें अलग अलग संदेश दिया है।

## जिला युवा संसद का कार्यक्रम वर्चुअली आयोजित

**संवाददाता**

हरिद्वार। सयुंक्त राष्ट्र संघ व नेहरू युवा केन्द्र हरिद्वार के तत्वाधान से जिला युवा संसद का कार्यक्रम वर्चुअली आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में सयुंक्त राष्ट्र के अरुण सहदेव व विशिष्ट अतिथि के रूप में नेहरू युवा केन्द्र के राज्य निदेशक अपूर्व सिंदे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में युवाओं को सत्ता पक्ष व विपक्ष की भूमिका से अवगत कराया गया एवं गंगा प्रदूषण, बेरोजगारी व किसानों से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की गई।

जिला युवा संसद में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए पूर्व आरआईएस अधिकारी अरुण सहदेव ने कहा कि यह एक बेहद रचनात्मक कार्यक्रम है। जिसके माध्यम से देश के युवाओं को संसदीय कार्यप्रणाली को नजदीक से समझने का अवसर प्राप्त होता है। भारतीय लोकतंत्र में संसद जनता की सर्वोच्च प्रतिनिधि संस्था है। इसी माध्यम से आम लोगों की संप्रभुता को अभिव्यक्ति मिलती है।

संसद ही इस बात का प्रमाण है कि हमारी राजनीतिक व्यवस्था में जनता सबसे ऊपर है, जनमत सर्वोपरि है। 'संसदीय' शब्द का अर्थ ही ऐसी लोकतंत्रत्मक राजनीतिक व्यवस्था है जहाँ सर्वोच्च शक्ति लोगों के प्रतिनिधियों के उस निकाय में निहित है जिसे 'संसद' कहते हैं। भारत के संविधान के अधीन संघीय विधानमंडल को 'संसद' कहा जाता है। यह वह धुरी है, जो देश के शासन की नींव है। भारतीय संसद राष्ट्रपति और दो सदनों व राज्यसभा और लोकसभा से मिलकर बनती है।

## शांतिकुंज में नवरात्र स्वाध्याय शृंखला का हुआ समापन

### साधाना से आंतरिक शक्ति का जागरण: डॉ. पण्डया

**संवाददाता** हरिद्वार। आत्मिक शक्ति के जागरण के लिए साधाना आवश्यक है। गायत्री साधाना तमस के आवरण को मिटाकर सतोगुण विकसित करने का काम करती है। चित्त में विवेक का जागरण होता है। अविद्या के अंधकार को मिटाकर विद्या को जगाती है। साधाना से ही आत्मोन्नति के द्वार खुलता है।

उक्त विचार प्रखर अध्यात्मवेत्ता डॉ— प्रणव पण्डया ने व्यक्त किये। वे नवरात्र साधाना में जुटे देश—विदेश के साधाकों को वर्चुअल संदेश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवतगीता का उल्लेख करते हुए कहा कि जिन पुरुषों का विषयों पर चिंतन करते हुए उनमें आसक्ति हो जाती है, आसक्ति उन विषयों की कामना उत्पनी करती है और कामना में विघ्न पड़ने पर जो क्रोध उत्पन्न होता है, उसका साधाना से नष्ट किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि साधाना से मन सहित विभिन्न इंद्रियों के वश में करने वाले मनुष्य अपने प्रगति का, उत्थान का सुगम मार्ग बनाता है और ऐसे व्यक्ति ही संत, सिद्ध, महापुरुष, ट्टषि कहलाता है। महर्षि अरविन्द, स्वामी विवेकानंद, गायत्री के सिद्ध साधाक पं— श्रीराम शर्मा आचार्य जी आदि की इसी श्रेणी की आत्माएँ थीं।

इन महापुरुषों ने साधाना से प्राप्त होने वाले विभिन्न लाभों को बताते हुए कहते हैं कि काम, क्रोध, मोह से छुटकारा पाने चाहते हैं, तो साधानामय जीवन जिओ। उन्होंने कहा कि व्यक्ति सांसारिक वस्तुओं को पाने के लिए प्रयत्नशील है और वे वासनाओं—कामनाओं में भटक रहा है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि बुराइयों को त्यागकर अच्छाइयों की ओर चलो।

## डीएम ने ली जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक

**संवाददाता**

### आंगनबाड़ी केन्द्रों व स्कूलों में शुद्ध व साफ पानी आपूर्ति के सम्बन्ध में जानकारी दी

देहरादून। जिलाधिकारी सी रविशंकर की अध्यक्षता में शनिवार को जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी को अधिकारियों ने जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के तहत ग्रामीण इलाकों के आंगनबाड़ी केन्द्रों व स्कूलों में शुद्ध व साफ पानी आपूर्ति के सम्बन्ध में जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि कुछ गांव ऐसे हैं, जहां सीमित एरिया में ही पाइप लाइन बिछनी है, जो शीघ्र ही बिछा दी जायेगी। उन्होंने कहा कि जहां हैण्डपम्प स्थापित हैं, अगर वे चालू हालत में हैं, तो ठीक अन्यथा की स्थिति में वहां पर बोरिंग करके उनमें पम्प लगाकर छत पर टैंक स्थापित कर पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने कहा कि 100 हैण्डपम्प एक महीने में पूरा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्कूलों व आंगनबाड़ियों का मूल्यांकन अक्टूबर तक हो जायेगा, तो नवम्बर में हम कार्य शुरू कर देंगे।

जिलाधिकारी ने इन योजनाओं की डी0पी0आर0 के सम्बन्ध में भी विस्तृत चर्चा की और अधिकारियों को फील्ड की वास्तविक स्थितियों को देखते हुये ही डी0पी0आर0 प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने ये भी निर्देश दिये कि वे मानकों व प्रक्रियाओं का पालन करते हुये निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने में आपसी सहयोग व एकजुट होकर कार्य करें। जिलाधिकारी ने जल निगम के अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर असन्तोष जताते हुये कहा कि अभी कई गांवों में आपका काम काफी पीछे है, इस सम्बन्ध में आपको दूसरी बार सचेत किया जा रहा है। अगर यही स्थिति रही तो सख्त कार्रवाई की जायेगी।

उन्होंने कहा कि निर्धाारित लक्ष्य के सापेक्ष आपके पास समय कम है तथा एक निश्चित समयबद्ध योजना बनाकर आपको लक्ष्य प्राप्त करना है। बैठक में जल संस्थान, जल निगम, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित जल एवं स्वच्छता मिशन से जुड़े अधिकारीगण उपस्थित थे।

## स्वस्थ शरीर से ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण सम्भवः स्वामी रूपेंद्र

**संवाददाता** हरिद्वार। अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति को नियमित रूप से योग करना चाहिए। स्वस्थ शरीर से ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। यह उद्गार प्राचीन अवधूत मंडल के महंत स्वामी रूपेंद्र प्रकाश ने भोपतवाला स्थित विश्व सद्भावना मंदिर में श्री हिमालय योग व आयुर्वेदिक सेंटर का उद्घाटन करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पूरा विश्व योग की उपयोगिता को जान चुका है। जिसपर सभी देशों के लोगों ने योग के जरिए अपने खान पान व दिनचर्या अपनाना शुरू कर दिया है। विशेष अतिथि व दार्शनिक डॉ— विपुल ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति योग व व्यायाम से शरीर की समस्त बीमारियों नष्ट की जा सकती है। स्वस्थ शरीर ही आध्यात्मिक ज्ञान व भौतिक सुख का आधार होता है। उन्होंने बताया कि स्वस्थ व्यक्ति ही राष्ट्र की उन्नति व निर्माण में सहयोग करने की शक्ति रखता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को योग व व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना होगा।